हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 26 जून 2024

04 195 प्रकरणों पर की जनसुनवाई, संबंधित...



07 सड़क पर विचरण कर रहे निराश्रित गोवंशों को ...






### 67 हजार किसानों को अब भी मूंग खरीदी का बेसब्री से इंतजार

# जिले के अन्नदाताओं की मूंग उपज की पॉलिसी तैयार होने से मिली राहत

**जिले के अन्नदाता ग्रीष्मकाल में मूंग फसल का उत्पादन कर चुके हैं। जिन किसानों ने पहले बोवनी कर उपार्जन का उत्पादन किया है, उन्हें मूंग खरीदी के लिए सरकार की पॉलिसी का बेसब्री से इंतजार था, जो सरकार द्वारा खत्म कर दिया गया है। अब जिले के 67 हजार किसानों को राहत मिली है।**



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला प्रशासन द्वारा मूंग की फसल के उत्पादन के लिए अन्नदाताओं को प्रोत्साहित किया गया था। उत्साह से भरे किसानों ने करीब 2 लाख हेक्टेयर भूमि पर मूंग की बोवनी की थी। वहीं 67 हजार किसानों ने अपनी उपज को बेंचने के लिए पंजीयन कराया है। पंजीयनधारी किसान सरकार की पॉलिसी का निर्धारण होने के साथ ही राहत महसूस कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि मूंग खरीदी की योजना तैयार नहीं होने के कारण उन्हें कुछ दिनों से अपनी मूंग उपज को करीब 1500 रूपए प्रति क्विंटल कम भाव में बेंचने को विवश होना पड़ा हैं। अब सरकार द्वारा बनाई गई योजना से राहत मिली है। विदित हो कि सरकार द्वारा 8 हजार 558 रूपए प्रति क्विंटल खरीदी का मूल्य निर्धारित किया है।

### सरकार ने जारी की नीति

जिले में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग भोपाल ने वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की उपार्जन नीति की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही मंडियों में मूंग और उड़द की खरीदी नर्मदांचल में प्रारंभ हो चुकी है। कृषि उपसंचालक जेआर हेड़ाऊ ने बताया कि जिले में मूंग एवं उड़द का उपार्जन 24 जून से 31 जुलाई तक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके लिए खरीदी केन्द्र तैयार हो रहे हैं।

### किसानों से 8558 रुपए क्विंटल होगी खरीदी

कृषि उपसंचालक जेआर हेड़ाऊ ने बताया कि भारत सरकार ने वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग खरीद 8558 रुपए प्रति क्विंटल और 6950 प्रति क्विंटल उड़द की दरें निर्धारित की हैं। मूंग एवं उड़द का उपार्जन 24 जून से 31 जुलाई तक की अवधि में किया जाएगा। उपार्जन कार्य नियत एजेंसी द्वारा सोमवार से शुक्रवार पांच दिन सुबह 8 से शाम 8 बजे तक किया जाएगा। उपार्जन केन्द्र पर तौल पर्ची शाम 6 बजे तक ही जारी की जाएगी और अंतिम तौल रात 8 बजे तक होगा।

### सरकार द्वारा बार-बार आदेश फिर भी नहीं हुई खरीदी

सरकार द्वारा मूंग और उड़द की खरीदी के लिए बार बार आदेश तो दिए जा चुके हैं लेकिन जमीनी स्तर पर हकीकत कुछ और है। भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री उदय पांडे ने बताया कि पूर्व में भी सरकार ने 20 जून से 30 जुलाई तक मूंग और उड़द की पॉलिसी बनाई थी जिसका किसानों ने बेसब्री से इंतजार किया, लेकिन कागजी कार्रवाई में उलझी पॉलिसी से किसान अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार द्वारा 24 जून से 31 जुलाई तक खरीदी की जाती है तो राहत मिलेगी अन्यथा किसान व्यापारियों को कम भाव में अपनी मेहनत की उपज बेंचने पर विवश होंगे। फिलहाल किसानों को सरकार की जारी की गई पॉलिसी को अमलीजामा पहनाने का इंतजार है। उन्होंने बताया कि अभी तक सरकार द्वारा खरीदी केन्द्रों और खरीदी की व्यवस्थाएं भी सुचारू नहीं की गई हैं, ऐसे में किसानों को कैसे राहत मिलेगी।

# बाढ़ आपदा से बचाव के लिए सभी तैयारियां दुरुस्त करें : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्थानीय जनपद पंचायत नर्मदापुरम के सभागृह में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नीता कोरी के द्वारा नर्मदा तवा एवं हतेड़ नदी के किनारे बसे ग्रामों में बाढ़ आपदा के दौरान सावधानी बरतने व आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंध में बैठक ली। हेमंत सूत्रकार सीईओ जनपद पंचायत नर्मदापुरम ने बताया कि जनपद पंचायत नर्मदापुरम अंतर्गत तीनों नदियों के किनारे 15 ग्राम पंचायत आती हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत मेहरागांव में नदी में बाढ़ आने की संभावना रहती है। 15 ग्राम पंचायतें जो नदी किनारे बसी हैं उनमें नर्मदा नदी के किनारे रायपुर, डोंगरवाड़ा तालनगरी, रंढाल, खरखेड़ी एवं नानपा, तवा नदी के किनारे मेहराघांट, जासलपुर, निमसाड़यि पाहनबर्री, एवं हतेड़ नदी के किनारे डोलरिया, आमूपुरा, रोझड़ा, बम्हअनगांव कला एवं आंवरी ग्राम पंचायतों के ग्राम आते हैं। आज इन सभी ग्राम पंचायतों में बाढ़ आपदा के दौरान सावधानी बरतने के संबंध में आवश्यक व्यावस्थांयें सुनिश्चित करने के संबंध में निर्देशित किया। बैठक में सभी 16 ग्राम पंचायतों के पंचायत समन्वयक अधिकारी सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

## बंदियों के सर्वांगीण आध्यात्मिक विकास के लिए हुआ शिविर का आयोजन



**नर्मदापुरम।** प्रदेश की जेलों में परिरूद्ध बंदियों के तनाव को कम करने, बंदियों में मानवीय गुण एवं सर्वांगीण अध्यात्मिक विकास के लिए आध्यात्मिक शिविर आयोजन की वार्षिक श्रृंखला में केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खंड अ एवं खंड ब में मंगलवार तक आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान नर्मदापुरम के माध्यम से प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। अधीक्षक केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खंड-अ में प्रशिक्षक पराग खण्डेलवाल एवं आकर्ष कटियार के द्वारा सुदर्शन क्रिया के माध्यम से एक बैच में 40 बंदियों को तथा खंड-ब में प्रशिक्षक नीरज दुबे एवं सचिन सखूजा द्वारा 60 बंदियों को सुदर्शन क्रिया के माध्यम से योग प्राणायाम तथा आध्यात्मिक शिक्षा दी गई। केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम के बंदियों को आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान नर्मदापुरम के द्वारा सुदर्शन क्रिया के माध्यम से योग प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय प्रयास रहा। प्रशिक्षण में शामिल सभी बंदियों के द्वारा सुदर्शन क्रिया को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की प्रेरणा ली गई। बंदियों में आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान नर्मदापुरम के द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला। आयोजित शिविर के दौरान जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी, उप अधीक्षक प्रहलाद सिंह बरकडे, अष्टकोण अधिकारी हितेश बंडिया, सहा. जेल अधीक्षक ऋतुराज सिंह दांगी उपस्थित रहे।

# क्या सूरज की तरह शुक्र और गुरू भी होते हैं अस्त?



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पूरी गर्मी का मौसम और बच्चों के अवकाश निकल गए, लेकिन मई और जून में आमतौर पर सड़कों पर निकलती बारात, बैंड बाजे , बाजारों में वैवाहिक खरीदी, विवाह आमंत्रण कार्ड नहीं दिखाई दिये। इसका कारण विभिन्न मान्यताओं के अनुसार शुक्र एवं गुरू ग्रह का अस्त होना बताया गया। ग्रहों के अस्त होने के वैज्ञानिक पक्ष को नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका ने बताया कि सूर्य की परिक्रमा उसके सभी सदस्य ग्रह करते हैं , इसमें गुरू, शुक्र और पृथ्वी भी शामिल है। परिक्रमा करते हुये जब पृथ्वी से देखने पर ये ग्रह सूर्य के आसपास पहुंच जाते हैं तो सूर्य की तेज चमक के आगे इनकी चमक मंद हो जाती है जिससे ये ग्रह अलग से आकाश में नहीं दिखते हैं। जितने दिनों तक ये सूर्य के चमक क्षेत्र में रहते हैं तब यह कहा जाता है कि ये ग्रह अस्त हैं । परिक्रमा करते हुये जब ये आगे बढ़ जाते हैं तो पुनः आकाश में दिखने लगते हैं इसे इन ग्रहों का उदित होना कहते हैं। सारिका ने बताया कि अस्त हो जाने पर अनेक लोगों का मानना होता है कि वह ग्रह आकाश में आता ही नहीं है अर्थात क्षितिज के नीचे कहीं छिप जाता है, जबकि ऐसा नहीं होता है, अस्त हुआ माना ग्रह सूर्य के आसपास रहता है। अस्त माने जाना वाला ग्रह भी आकाश में सूर्य के आसपास के आकाश में उपस्थित रहता है। लेकिन अस्त ग्रह की चमक सूर्य के प्रकाश में खो जाने के कारण वह दिखाई नहीं देता है। सारिका ने बताया कि अब इंतजार की घड़ियां समाप्ति की ओर है जल्दी ही शुक्र भी सूर्य से दूर होकर शाम के आकाश मे दिखाई देना आरंभ करने वाला है। गुरू तो सुबह के आकाश में दिखना आरंभ हो ही चुका है।


# दो दिवसीय पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में दो दिवसीय पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ सॉई हेवन सिटी में संपन्न हुआ। जिसमें जिसमें समस्त कॉलोनी वासियों ने भाग लिया। यज्ञ में 11 गुरु दीक्षा संस्कार एक पुंसवन संस्कार नामकरण संस्कार एवं आदि संस्कार संपन्न हुए। विश्व कल्याण हेतु सभी ने मां गायत्री से सामूहिक प्रार्थना की एवं आहुतियां समर्पित की। यज्ञ का संचालन अखिल विश्व गायत्री परिवार गायत्री शक्तिपीठ सेठानी घाट के परिजनों के द्वारा किया गया एवं कॉलोनी के भरत लाल, कमल सिंह राजपूत, युवराज सिंह राजपूत आदि वरिष्ठ परिजनों का विशेष सहयोग रहा।

# विहिप व बजरंग दल ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने सोमवार को चाय चौपाल, बड़ी पहाड़ियां, नर्मदापुरम पर झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले एवं जनसमूह के लिए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. बसंत जोशी द्वारा लगभग 70 से 80 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न सलाह दी गई। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा अन्य क्षेत्रों में भी इस प्रकार स्वास्थ्य शिविर लगाये जाएंगे। इस कार्यक्रम में बजरंग दल जिला संयोजक नितिन मेषकर, जिला धर्म प्रचार प्रमुख प्रखरराज शर्मा, जिला गौरक्षा प्रमुख कैलाश दायमा, नगर सह मंत्री सुरेंद्र साहू, नगर संयोजक दिनेश कीर, नगर अखाड़ा प्रमुख नीरज अग्रवाल, बृजेश बाथरे, ऋषभ मेहरा उपस्थित रहे।

# पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में मनाया प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कहा जाता है कि किसी छात्र के जीवन में बुनियादी शिक्षा की पहली सीढ़ी उसका विद्यालय में प्रथम दिन होता है। ऐसा ही अवसर शहर के पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय एसपीएम में पहली कक्षा के छात्रों का प्रवेशोत्सव आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रमुख प्राचार्य राजेश साहू एवं प्रधान अध्यापिका अनीता शर्मा द्वारा नव प्रवेशित छात्रों को तिलक लगाकर एवं उपहार देकर उनका विद्यालय में स्वागत समारोह किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्रों को विद्यालय के नियम, छात्र संस्कृति और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की। मंच संचालन दिलीप मालवीय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्राथमिक विभाग के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की सक्रिय भागीदारी रही।

# फ्री हेल्थ चेकअप कैंप में हुआ मरीजों का उपचार





**नर्मदापुरम।** अग्रवाल आर्थो हॉस्पिटल, विवेकानंद घाट के पास फ्री हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। जिसमें 200 से अधिक मरीजों का बीएमडी चेक हुआ एवं निशुल्क ओपीडी कर आर्थो से संबंधित जांच की गई। मरीजों को हड्डी से संबंधित होने वाली परेशानियों के विषय में निशुल्क परामर्श दिया गया एवं उनकी बीएमडी की जांच की गई। जिससे उनकी हड्डी में ऑस्टियोपोरोसिस की परेशानी का इलाज भी उन्हें बताया गया। कई बड़े, क्रिटिकल आपरेशन करने के बाद अब जिले के सर्वाधिक यंग, विदेश से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त, कूल्हे, घुटने के सफल रिप्लेसमेंट इटारसी और नर्मदापुरम में करने वाले व प्रदेश के प्रख्यात हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. उमंग अग्रवाल ने सभी मरीजों का स्वयं निःशुल्क चिकित्सीय परीक्षण किया।

# जनसुनवाईः कोई अवैध शराब दुकान हटाने तो कोई नाली बनवाने पहुंचा

## जनसुनवाई में 164 आवेदन प्राप्त हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई का कार्यक्रम प्रति मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित किया जाता है। आम नागरिक जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर एवं अन्य जिला अधिकारियों को आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याओं से अवगत कराते हैं। समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया जाता है। आयोजित जनसुनवाई में 164 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में आज वार्ड नंबर 10 साई बाबा कॉलोनी मालाखेड़ी के वार्ड वासी पहुंचे और उन्होंने कॉलोनी में गली नंबर 3 में नाली बनवाने का आवेदन प्रस्तुत किया। वार्ड वासी रुपेश गिरी , भूरालाल , कानू शर्मा, पूनम यदुवंशी, फूलवती, दीपक पाल , अशोक , विनोद , ओंकार जनसुनवाई में पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके वार्ड में नाली ना होने के कारण घरो का बेकार पानी को मुख्य मार्ग में छोड़ दिया जाता है। जिससे गली में पानी फैल जाता है । कई घरों का शौच निकासी पानी सड़क पर ही एकत्रित होकर फैलता है, जिसके कारण उस रास्ते पर चलना दुर्भर हो जाता है। जल निकासी की विकट समस्या होने के चलते वार्ड में एक नाली बनाए जाने की आवश्यकता है।

कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारी को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं नर्मदा पुरम के पंकज शुक्ला ने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि नर्मदा पुरम शहर के एकता चौक एवं हीरो होंडा चौराहा व श्री राम मंदिर के सामने प्राइवेट बस स्टैंड पर होटल में अवैध शराब की बिक्री होती है। खुले स्थानों पर मांस मछली की बिक्री भी हो रही है। नर्मदा पुरम एक धार्मिक नगरी है एवं यहां पर बाहर से श्रद्धालुओं का भी आना-जाना लगा रहता है, यह सब देखकर धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचती है।

कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को तत्संबंध में उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वार्ड नंबर 1 की प्रतिभा यादव ने अपनी पड़ोसी की शिकायत करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया और बताया कि उनके पड़ोसी ने उनके पुराने कच्चे मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया है, एवं बिना सीमांकन कराए निर्माण कार्य कर रहे हैं। पथोडी निवासी उमाशंकर चोरे ने प्रस्तुत आवेदन में बताया कि 13 मई को उन्होंने पवार खेड़ा वेयरहाउस में 34 क्विंटल गेहूं दिया था, जिसका भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। उन्होंने शीघ्र ही भुगतान दिलाने की प्रार्थना की।

## विधायक प्रतिनिधि यादव और सीएमओ ने किया निरीक्षण

# नए स्वरूप में होगा नेहरू पार्क का कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नेहरू पार्क का नए सिरे से कायाकल्प किया जाएगा। जिसमें रंगीन लाइटों के साथ ही बच्चों के खेलने कूदने और फिसल पट्टी बनाई जाएगी। नेहरू पार्क के रिनोवेशन के लिए मंगलवार को नगरपालिका परिषद में विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव और मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने निरीक्षण किया। अलसुबह से ही नेहरू पार्क में स्थानीय नागरिकों का आना जाना शुरू हो जाता है। अब अत्याधुनिक सुविधा के साथ नागरिकों के लिए नेहरू पार्क नए स्वरूप में देखने को मिलेगा। निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता लोकेश तिवारी, पूर्व पार्षद अजय रतनानी पूर्व पार्षद कुलदीप राठौर, बृजेश, कमलेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

### अत्याधुनिक होगी लाइब्रेरी

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि स्थानीय नागरिकगण नेहरू पार्क में आकर रीडिंग, वाकिंग, टाकिंग और अन्य एक्साइज करते हैं। सभी प्रकार की सुविधाओं के साथ रीडिंग के लिए पार्क में स्थित लाइब्रेरी का रिनोवेशन कर अत्याधुनिक लाइब्रेरी बनाई जाएगी।

### निरीक्षण कर बनाया प्लान

विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव के साथ नेहरू पार्क का निरीक्षण कर कायाकल्प करने का प्लान बनाया गया है। जल्द ही नेहरू पार्क नागरिकों के लिए नए कलेवर में तैयार होगा।

**हेमेश्वरी पटले**, सीएमओ, नर्मदापुरम

### जलभराव स्थानों का जायजा लिया

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के मार्गदर्शन में मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले और विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया गया। जहां जलभराव की स्थिति है उन स्थानों को चिह्नित कर वहां का अतिक्रमण हटाया गया है। निरीक्षण के दौरान गांधी पार्क, प्रेमनगर बस्ती और इंदिरा चौक पहुंचे। जहां नगरपालिका की टीम को निर्देश कर अतिक्रमण हटाने तथा नाले नालियों की सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता लोकेश तिवारी, बृजेश, पूर्व पार्षद अजय रतनानी, पूर्व पार्षद कुलदीप राठौर, कमलेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### दूसरा पोल लग गया पहला हटा नहीं

**बैतूल।** कालेज चौक वर्तमान में परशुराम चौक से लेकर भारत माता चौक गंज तक बन रही टू लेन सडक का कार्य लगभग पूरा होने वाला है। इस सडक को लेकर आजू-बाजू के अतिक्रमण तो हटा दिए गए हैं लेकिन कालेज के सामने लगा जियो का टॉवर अभी भी खड़ा हुआ है। जिसके कारण राहगीरों को दिक्कत हो रही हैं। सडक बनने के दौरान यह जियो टॉवर हटाया जाना था और इसकी जगह ताप्ती क्लब के सामने नया टॉवर लगना था। जियो कंपनी ने नया टॉवर तो लगा दिया है लेकिन पुराना टॉवर अभी तक नहीं हटा है। जिसके कारण सडक का कुछ हिस्सा भी छूट गया है। नपा सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने कहा, जियो कंपनी को नगर पालिका ने नोटिस जारी किया है। इसके जवाब में कंपनी ने जल्द ही पुराने टॉवर को हटाने का आश्वासन दिया है। अगर नहीं हटाया जाता है तो नगर पालिका अपने स्तर पर इसे हटाएंगी।

### बैतूल बाजार थाना परिसर में पौधरोपण



**बैतूल।** बदलते पर्यावरण और घटते वृक्षों की संख्या को देखते हुए बैतूल बाजार थाना परिसर में मंगलवार 25 जून को एक विशेष पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एसडीओपी शालिनी पराते, थाना प्रभारी बबीता उइके, समाजसेवी सोनल पाटिल, श्रीमती सीमा राजपूत, रानी राठौर, पूनम पवार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। थाना परिसर में आयोजित इस पौधरोपण अभियान में लक्ष्मी तरु सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। एसडीओपी शालिनी पराते ने कहा कि ऐसे अभियानों से न केवल पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद मिलती है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाता है। थाना प्रभारी बबीता उइके ने भी इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस विभाग हमेशा से ही सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहा है। सोनल पाटिल ने इस अवसर पर कहा कि यदि धरती पर जीवन का अस्तित्व चाहिए तो पौधारोपण बहुत जरूरी है। पेड़ नहीं तो जीवन नहीं। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य समाजसेवियों ने भी पौधारोपण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और इस तरह के अभियानों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अभियान के तहत लगाए गए पौधों की देखभाल और संरक्षण के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है ताकि ये पौधे भविष्य में बड़े होकर पर्यावरण को संरक्षित कर सकें।

एसडीओपी शालिनी पराते ने कहा पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने की यह पहल निस्संदेह प्रशंसनीय है और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य की नींव रखती है।

### सीबीएसई ने निकाली 29 पदों पर भर्ती

**सीहोर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मीडिया रिलेशंस, विजिलेंस, एकेडमिक्स, स्किल एजुकेशन और अन्य पदों सहित कुल 29 डेपुटेशन आधारित पदों पर ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। चयनित उम्मीदवार तीन साल के कार्यकाल के लिए दिल्ली सहित सीबीएसई के ऑफिसों में नियुक्त किए जाएंगे। सेलेक्टेड कैंडिडेट्स का टेन्योर उनके प्रदर्शन और नियमों के मुताबिक अधिकतम 5 साल तक के लिए बढ़ाया जा सकता है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट www.cbse.nic.in पर आवेदन कर सकते हैं।

## राजस्व प्रकरणों में हीला-हवाली पर कलेक्टर ने किया अवकाश प्रतिबंधित

# 195 प्रकरणों पर की जनसुनवाई, संबंधित अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश

### जनसुनवाई में अधिकांश प्रकरणों का निराकरण न होने पर कलेक्टर सख्त, मुख्यालय न छोड़ने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

साहब! मेरे खेत जाने का रास्ता दबंगों ने बंद कर दिया है, चार बार शिकायत कर चुका हूं, कुछ नहीं हो रहा है। यह नजारा जिला मुख्यालय की जनसुनवाई में बरसों से देखने को मिल रहा है। चार माह पहले पदस्थ हुए नए कलेक्टर ने नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने भी इस स्थिति को करीब से देखा, लेकिन राजस्व अमले ने ऐसे प्रकरणों के निराकरण में रूचि नहीं दिखाई तो मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर को सख्त रूख अपनाना पड़ा। उन्होंने जनसुनवाई के बाद सभी राजस्व अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कह दिया कि प्रकरणों के निराकरण करने फील्ड में जाए और रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इराजस्व अधिकारियों के अवकाश पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर के इस रूख के बाद राजस्व अमले में हड़कंप मच गया है। मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठकों में वीसी के माध्यम से सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि सीएम हेल्पलाइन में छोटे-छोटे प्रकरण न आए, इसके लिए जिला मुख्यालय के अलावा तहसील मुख्यालयों पर भी जनसुनवाई शुरू करें।



### इनका कहना

*राजस्व अधिकारी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझ पा रहे है। एक ही शिकायत बार-बार जनसुनवाई में आ रही है। इसी वजह राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए है कि फील्ड में जाकर लोगों की समस्या सुने। राजस्व अधिकारियों के अवकाश पर फिलहाल प्रतिबंध लगाया है।*

**नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी,** कलेक्टर बैतूल

### जमीनी विवाद, नामांतरण-बंटवारे ने बढ़ाया सिरदर्द

*जनसुनवाई में हर मंगलवार दो सैकड़ा शिकायतें पहुंच रही है। इनमें से पचास प्रतिशत शिकायतें जमीनी विवाद नामांतरण, बटवारे से जुड़ी है। थोकबंद शिकायतें आने से मुख्यालय की जनसुनवाई में व्यवस्था बिगड़ रही है। इनमें से कई शिकायतें ऐसी है, जिनका निराकरण नहीं होने के कारण आवेदक जिला मुख्यालय की जनसुनवाई में पहुंच रहे हैं। यही वजह है कि कलेक्टर को मंगलवार की जनसुनवाई के बाद जबरदस्त नाराज देखा गया। इसका तीखा असर आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा।*

### कलेक्टर ने की थी तहसील मुख्यालय पर जनसुनवाई की पहल

*कलेक्टर ने पदभार ग्रहण करने के बाद जिले की अलग-अलग तहसीलों में समस्या निवारण शिविर लगाकर अच्छी शुरुआत की थी। इसके जबरदस्त फायदें भी मिले, लेकिन लोकसभा की आचार संहिता के कारण फिलहाल तहसील स्तर पर जनसुनवाई स्थगित है। गत सप्ताह आचार संहिता खत्म होने के बाद जनसुनवाई शुरू हुई तो बैतूल की जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग शिकायत लेकर पहुंच रहे, इससे अधिकारियों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। यदि दोबार तहसील स्तर पर जनसुनवाई शुरू हो जाए तो कई प्रकरणों का निराकरण हो सकता है।*

### कलेक्टर के दो टूक से हड़कंप

*इधर मंगलवार को कलेक्टर के जनसुनवाई में तीखे तेवर से राजस्व अमले में हड़कंप मच गया। सूत्र बताते हैं कि राजस्व के मामलों की सबसे अधिक शिकायत पहुंचने के बाद कलेक्टर सूर्यवंशी नाराज हो गए। जनसुनवाई खत्म होने के पहले ही उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों की क्लास ले डाली। दो टूक शब्दों में कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करें। यदि प्रकरण लंबित पाए जाते हैं तो संबंधितों पर कार्रवाई तय करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आप लोग फील्ड में नहीं जाते हैं और कार्यालय में बैठे रहते हैं। आपके चक्कर में जनता परेशान हो रही, यह बिलकुल नहीं चलेगा। अब सभी फील्ड में जाकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें और मुझे वाट्सएप पर रोज रिपोर्ट करें। इसके साथ ही उन्होंने राजस्व अधिकारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाते हुए बिना उनकी अनुमति के मुख्यालय छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर के इस रूख के बाद राजस्व अमले में जबरदस्त हड़कंप की खबर है।*

## दो मोटरसाइकिलों में भिड़ंत से मासूम सहित तीन लोग घायल



**मुलताई।** बैतूल नेशनल हाईवे 47 पर महारूख नगरकोट के बीच दोपहर में अचानक से मुलताई की ओर आ रही दो बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। जिसके चलते बाइक पर सवार 9 वर्षीय बच्ची और महिला एवं पुरुष घायल हो गए। प्राप्त जानकारी अनुसार प्रभात पट्टन के ग्राम सोमगढ़ निवासी विजय इवने अपनी मोटरसाइकिल से मुलताई की ओर आ रहे थे। कि तभी अचानक पीछे से आ रहे नाहिया निवासी अरविंद नत्थू बारपेटे ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। दोनों बाइक की टक्कर होते ही वे गिर गए। जिसमें अरविंद के साथ बाइक पर सवार पुष्पा दुर्गादास उम्र 48 वर्ष एवं उनकी 9 वर्षीय पुत्री पूर्वी घायल हो गए। सड़क दुर्घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ लग गई थी। राहगीरों ने उन्हें बीच सड़क से हटाकर साइड में किया और 108 एम्बुलेंस और डायल हंड्रेड को सूचना दी। लेकिन महिला की हालत गंभीर होते देख तत्काल ही एक निजी वाहन से उन तीनों को मुलताई अस्पताल भेजा गया। जहां पर तीनों का प्राथमिक उपचार किया गया।


## नगर में आतंक मचाने वाली महिला की हुई पहचान, पुलिस ने उपचार के लिए बैतूल भेजा



**मुलताई।** नगर में अनेक लोगों पर हमला कर आतंक मचाने वाली महिला की मुलताई पुलिस ने पहचान कर ली है । पहचान के बाद उक्त महिला को परिजनो के साथ मुलताई समुदाय स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां से उसे उपचार के लिए बैतूल भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि सोमवार एक महिला ने नगर में आतंक मचा दिया था नगर के मुख्य मार्ग से गुजरते हुए महिला ने कई लोगों पर हमला किया और कुछ लोगों को गंभीर रूप से घायल भी कर दिया था। महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त नजर आ रही थी। इस पूरी घटना की जानकारी पुलिस को लगते ही थाना प्रभारी राजेश सातनकर ने पुलिस टीम को मौके पर भेज कर महिला को थाने पहुंचा। जहां पर उससे पूछताछ करने पर वह कुछ बताने के लिए तैयार नहीं थी। पुलिस ने बमुस्किल उसके परिवार की जानकारी जुटाते हुए पता किया कि वह महिला हेटी खापा की रहने वाली है। जिसका नाम नीता पावर है। उन्होंने उसके पति उदय पवार, उसकी मां और मामा को सूचना देकर पुलिस थाना बुलाया और महिला को उनके हवाले कर दिया। महिला को उन्ही के साथ बीती रात सरकारी अस्पताल उपचार हेतु पहुंचा। सरकारी अस्पताल में भी उपचार के दौरान महिला ने जमकर हंगामा मचाया। जहां से महिला को बैतूल जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

## रात में 2 बार, 1 घंटे अंधेरे में डूबा रहा जिला चिकित्सालय

### खतरे में पड़ी कई जानें, लिफ्ट में भी दो फंसे




**बैतूल।** जिला चिकित्सालय इन दिनों असुविधाओं की लिए खासा चर्चा में है कभी एंबुलेंस वालों की मनमानी तो कभी वार्ड बॉय और सिक्योरिटी गाड्र्स की मनमानी की बातें सामने आ रही है जो जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं पर भी प्रश्नचिन्ह लगा रही हैं सोमवार और मंगलवार के दरमियान रात लगभग 11 से 11:25 तक जिला चिकित्सालय अंधेरे में डूब गया इस दौरान लिफ्ट में भी दो लोगों के फस जाने से काफी मशक्कत करनी पड़ी वह तो घनीमत रही की 20 से 25 मिनट में ही लाइट आ गई और उन्हें लिफ्ट से बाहर निकाला जा सका वही उसी रात 1:28 बजे से पूरा जिला चिकित्सालय फिर एक अंधेरे में डूब गया जो लगभग 2 बजकर 20 मीनट तक अंधेरे में डूबा रहा। आपको बता दे कि बैतूल जिला चिकित्सालय में बच्चों के लिए और गहन चिकित्सा कक्ष जैसी अहम इकाइयां हैं जिनमें बगैर बिजली के संचालन नहीं हो सकता जबकि आज रात आईसीयू 44 नवजात शिशु मोजूद थे आईसीयू जो की पूरी मशीनों की सहायता से चलता है परंतु बिजली चली जाने पर वह मशीने काम नहीं करती जो की एक बड़ी घटना को निमंत्रण देता है इस प्रकार की लापरवाही जिला चिकित्सालय में बरती जा रही है जबकि जिला चिकित्सालय के पास भारी भरकम जनरेटर एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध है परंतु इन सुविधाओं को समय पर क्यों नहीं चालू किया जा सकता यह एक सवाल उठता है जबकि इससे पहले भी कई बार इकट्ठा हो चुकी है और उच्च अधिकारियों से चर्चा पर उन्होंने कहा की व्यवस्थाएं सुधारी जाएगी जबकि जिला चिकित्सालय में ऑटो कट जनरेटर भी उपलब्ध है।

### बैतूल में नहीं थम रही वारदात

## व्यापारी से 50 हजार से भरा बैग छुड़ाकर भागे

**बैतूल।** शहर में कानून व्यवस्था का खौफ अपराधियों में खत्म हो गया है। इसका उदाहरण बीते रविवार रात 9.30 बजे के करीब सदर क्षेत्र में एक व्यापारी के साथ पचास हजार की लूट है। लूट के बाद लुटेरे फरार हो गए। बताया जा रहा है कि व्यापारी बाजार से वसूली कर वापस अपनी दुकान लौट रहा था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। पीड़ित व्यापारी मुकेश जजलानी ने बताया कि सदर क्षेत्र में उनका किराने का व्यवसाय है। रविवार वे बाजार से वसूली कर अपनी दुकान लौट रहे थे, तभी सदर ओवर ब्रिज के कार्नर पर स्थित संकरी गली में दो युवकों ने उन्हें दबोच लिया । एक युवक ने उनकी गर्दन पकड़ ली और दूसरे युवक ने उनके हाथ मे रखा बैग छीन लिया। जब तक कुछ सोच समझ पाते युवक बैग छीनकर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। बैग में लगभग 50 हजार रुपए की रकम रखी हुई थी। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई।

## 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए पिलाकर दस्तक अभियान का किया शुभारंभ

### महिला बाल विकास व स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर देंगी दस्तक



**बैतूल।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में जिले में 25 जून से 27 अगस्त 2024 तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रविकांत उईके ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 10 बजे देशबंधु वार्ड टिकारी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-2 में जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे एवं नगर पालिका पार्षद राजेश पानकर द्वारा 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए पिलाकर दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के दौरान महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम संयुक्त रूप से घर-घर जाकर दस्तक देंगी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे ने कहा कि दस्तक अभियान में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की टीम संयुक्त रूप से घर-घर जाकर जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों की जानकारी लेकर बीमारियों का पता लगाकर आवश्यक उपचार देंगी।

### कुपोषित बच्चों को करेंगे चिन्हित


जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.एके भट्ट ने बताया कि दस्तक अभियान के तहत समुदाय में बीमार नवजातों और बच्चों की पहचान प्रबंधन एवं रेफरल, 5 वर्ष से कम उम्र के गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान, रेफरल एवं प्रबंधन, 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में गंभीर एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्यकालीन दस्त रोग की पहचान एवं नियंत्रण हेतु ओआरएस एवं जिंक के उपयोग संबंधी सामुदायिक जागरूकता लाई जाएगी।

### संयुक्त टीम घर-घर जाकर करेगी सर्वे

*डीपीएम डॉ.विनोद शाक्य ने बताया कि दस्तक अभियान में संयुक्त टीम घर-घर जाकर सर्वे कर बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी लेगी। निमोनिया एवं डायरिया के बारे में बताएंगी एवं ओरआरएस के उपयोग की समझाइश देगी एवं ओआरएस वितरण करेगी। शहरी क्षेत्र परियोजना अधिकारी निरंजन सिंह डुडके ने बताया कि महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम संयुक्त रूप से घर-घर जाकर दस्तक देंगी तथा डेली की रिपोर्टिंग कर जानकारी को व्यवस्थित करेंगी। संचालन एपीएम शहरी क्षेत्र प्रकाश माकोड़े द्वारा किया गया। उप जिला मीडिया अधिकारी महेशराम गुबरेले, प्रभारी परिवार कल्याण कार्यक्रम में एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।*

### कर्मचारियों को फटकार लगाई

## कलेक्टर ने किया लोकसेवा केंद्र का निरीक्षण



**मुलताई।** जिला कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी मंगलवार अचानक मुलताई पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने तहसील परिसर का निरक्षण किया। फिर अचानक तहसील कार्यालय पहुंचे। जहा से एसडीएम और तहसीलदर को साथ लेकर लोकसेवा केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्हें दो बुजुर्ग रजिस्ट्रार कार्यालय के सामने जमीन पर बैठे दिखे तो उनसे जानकारी ली और रजिस्ट्रार को बुलवाया।


वे लोकसेवा केन्द्र के अंदर पहुंच गए और वहां आवेदनों का पेंडिंग गट्ठा देखकर उन्होंने कर्मचारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा है कि शासन ने लोगों को समय पर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के लिए सेवा चालू की है। यहां भी अगर लोगों को कई दिनों तक इंतजार करना पड़े और कई चक्कर लगाने पड़े तो फिर इसका क्या मतलब। वही उन्होंने एसडीएम और तहसीलदार को निर्देश दिए हैं की जाति प्रमाण पत्र बनाने में विद्यार्थियों को चक्कर ना काटने पड़े इसका ध्यान रखे। उन्होंने कहा कि परिवार में यदि किसी का जाति प्रमाण पत्र पहले बना है, तो उस आधार पर जाति प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है। विद्यार्थियों को पटवारी और आरआई के चक्कर ना लगवाए।

## आगामी बजट के लिए भाकिंस ने सौंपे सुझाव सोलर पंप पर 70 प्रतिशत अनुदान दिया जाए

**बैतूल।** मप्र सरकार ने आगामी बजट में किसानों के हितों में सुझाव आमंत्रित किए हैं। जिस पर भारतीय किसान संघ ने बैतूल हेमंत खंडेलवाल को उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री मध्य प्रदेश शासन जगदीश देवड़ा के नाम से किसान हित में सुझावों का ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में संघ के अध्यक्ष मलैया और संरक्षक दीपक कपूर ने बताया कि ने बताया कि सोलर पंप अनुदान पोर्टल बंद है किसानों को इस हेतु अनुदान टारगेट बजट में रखें, 60 से 70 प्रतिशत तक अनुदान डीबीटी के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में दे। अनुदान पर किसानों को दिए जाने वाले मोटर पंप स्प्रिंकलर पाइप सेट पीवीसी पाइप सेट ड्रिप सिस्टम में राज्यांश व टारगेट बढ़ाने हेतु बजट में प्रावधान रखा जाए साथ ही केवल कृषक के बैंक खाते में अनुदान दिया जाना चाहिए। किसानों को कृषि उपज के भंडारण के लिए खेत ६ निवास में छोटे गोदाम के निर्माण हेतु अनुदान प्रावधान बजट में रखा जा सकता है। ग्राम पंचायत स्तर पर गिरदावरी पूर्ण होकर पंजीयन की व्यवस्था हो इस हेतु भी बजट रखें। गेहूं एवं गन्ने के समर्थन मूल्य बढ़ाने की घोषणा की गई है उसकी राशि बजट में रखें। गौशालाओं को संचालन हेतु अधिक धनराशि का बजट में प्रावधान करें। जिन ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत वोल्टेज की गंभीर समस्या है।

### जिले में संचालित है 20 पीएम श्री

## पीएम श्री स्कूलों में शुरू होगी स्मार्ट क्लास और आधुनिक कम्प्यूटर लैब



**बैतूल।** जिले में संचालित सभी पीएमश्री स्कूलों में विद्यार्थियों को स्मार्ट क्लास और आधुनिक कम्प्यूटर लैब, स्मार्ट खोज प्रयोगशाला के साथ-साथ विषयवार शिक्षकों द्वारा पढ़ाई की सुविधा मिलेगी, और यह सुविधा इसी सत्र से प्रारंभ होने वाली है।

पीएमश्री स्कूलों में अब विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की कवायद शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले में 20 पीएमश्री स्कूल संचालित है। पहले 19 पीएमश्री स्कूल थे, इस सत्र से एक और पीएमश्री स्कूल की शुरूआत हुई है। अब इन स्कूलों में भी धीरे- धीरे सुविधा बढ़ाई जाएगी। अब तक इन स्कूलों में बहुत अधिक पढ़ाई की सुविधाएं नहीं है। जानकारी के अनुसार अब पीएमश्री स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम, आधुनिक कम्प्यूटर लैब, स्मार्ट खोज प्रयोगशाला, खेलकूद और पर्यावरण संरक्षण संबंधित गतिविधियां होगी। बेहतर शिक्षा के लिए आधुनिक कम्प्यूटर लैब की भी शुरूआत की जा रही है।

## आरडी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को साल भर मिलेगा करियर गाइडेंस

### माइंडलर करियर कांउसलिंग प्रोग्राम का ओरिएन्टेशन आयोजित



**बैतूल।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शैक्षणिक संस्थान आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल द्वारा बच्चों के चहुमुखी विकास के साथ उनके भविष्य निर्माण के ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। आरडी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर ऋतु खण्डेलवाल की विशेष पहल पर स्कूल में अध्ययनरत बच्चों को अब साल भर करियर गाइडेंस मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के करियर काउंसलर विशेषज्ञों द्वारा कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को पूरे शैक्षणिक सत्र में करियर कउसलिंग की जायेगी। माइंड के विशेषज्ञ काउंसलरों द्वारा अत्याधुनिक तकनीकी से कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन देने के साथ ही उच्च शिक्षा का गाइडेंस भी दिया जायेगा। 25 जून को आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल में माइंडलर करियर काउंसलिंग प्रोग्राम के ओरिएन्टेशन में माइंडलर की वाइस प्रेसिडेंट प्रतिभा एवं शिल्पा सिंह ने विद्यार्थियों को करियर गाइडेंस का महत्व समझाकर भारत सहित विश्व के अन्य देशों में उपलब्ध उच्च शिक्षा के अवसरों की विस्तार से जानकारी दी। माइंडलर काउसलिंग प्रोग्राम के तहत विशेषज्ञ काउन्सलरों द्वारा आरडी पब्लिक स्कूल की करियर काउसलिंग उनकी स्किल के आधार पर की जायेगी। स्किल की पहचान करने के लिए बच्चों का साइकोमेट्रिक टेस्ट लिया जायेगा। कार्यक्रम में आरडी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं पालक मौजूद रहे। संचालन कक्षा 12वीं की छात्रा कु. त्रियंबिका सोनी ने किया।

### लोकतंत्र के सैनानियों (मीसाबंदी) व परिजनों किया सम्मान

# आपातकाल लगाकर कांग्रेस ने की लोकतंत्र की क्रूर हत्याः बबला शुक्ला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

25 जून 1975 आपातकाल कि वह तारीख जिसने लोकतंत्र को कलंकित किया। सरकार के खिलाफ लोकतंत्र की रक्षा करने वाले लोगो को मीसाबंदी के तहत जेल भेज दिया गया। भाजपा उस काले दिन की बरसी हर साल मनाते हुए लोकतंत्र सैनानियों का सम्मान करती है।

इसी कड़ी में मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में आपातकाल की बरसी के तौर पर लोकतंत्र सेनानियों का शाल श्रीफल व पुष्पाहार पहनाकर सम्मान किया गया साथ ही साथ उनके परिजनों का भी इस मौके पर सम्मान किया गया स्वागत भाषण देते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष आदित्य शुक्ला ने कहा कि आज कांग्रेस भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या के आरोप लगाती है जबकि 25 जून 1975 में कांग्रेस सरकार ने स्वयं लोकतंत्र की क्रूर हत्या की है। और देश को आपातकाल में झोंक दिया। 19 माह जेल में रहे इन सैनानियों का ही संघर्ष है कि आज भाजपा विश्व की सबसे बडी राजनैतिक पार्टी है।

पूर्व सांसद व लोकतंत्र सैनानी सुभाष आहूजा ने कहा कि उस समय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने हाई कोर्ट के निर्णय को न मानकर पूरे देश पर आपातकाल लगाया हमारे लोकतंत्र के सेनानियों संघर्ष त्याग और दृढ़ता की मिसाल राखी ऐसे लोकतंत्र सेनानियों का हम सम्मान करते हैं। लोकतंत्र सैनानी रामचरित मिश्रा ने कहा कि इतिहास में जाने वाले से ज्यादा इतिहास बनाने वालों की चर्चा होती है आप लोग इतिहास बनाने वाले है। हर कार्यकर्ता के मन में राष्ट्र प्रेम के प्रति जो अग्नि है वह धधकती रहनी चाहिए ऐसी हर कार्यकर्ता से अपेक्षा है और यही हमारा सम्मान है। विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के लिए गौरव के पल है वह इन लोकतंत्र सेनानियों के त्याग और संघर्ष के कारण है। आमला विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे ने कहा कि कांग्रेस के नेता संविधान की प्रति हाथ में लेकर भाषण देते हैं जबकि इतिहास देखें तो हम पाते हैं कि बाबा साहब के संविधान का सबसे ज्यादा दुरुपयोग कांग्रेस ने किया है।

### इनका किया सम्मान

मीसाबंदी (लोकतंत्र सैनानी) भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामचरित्र मिश्रा, पूर्व सांसद सुभाष आहूजा ,वरिष्ठ नेता महेन्द्र भार्गव, मोतीलाल कुशवाह, व उनके परिजन पार्वती बाई मानकर, मीरासे बहन, जितेन्द्र कपूर, मनीष खंडेलवाल आदि प्रमुख है।

### मुख्य मार्गों के बीचोंबीच रहता है आवारा मवेशियों का जमावड़ा, लोग होते हैं हादसे के शिकार

# सड़क पर विचरण कर रहे निराश्रित गोवंशों को गोशालाओं में पहुंचाया

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले के सभी शहरी क्षेत्र, तहसील मुख्यालय एवं प्रमुख सड़कों एवं स्थानो पर विचरण करने वाले निराश्रित गोवंश को विधिवत रूप से गौशालाओं में पहुंचाया जा रहा है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

गोशालाओं में निराश्रित गोवंश के लिए चारा, भूसा , पानी एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध हैं। उल्लेखनीय है कि निराश्रित गोवंश एवं कतिपय गोवंश मालिकों द्वारा जानबूझकर सड़क पर विचरण करने के लिए छोड़े गए गोवंश, मवेशियों से सड़क पर आने जाने वाले वाहनों एवं आने जाने वाले लोगों में अक्सर सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है । सड़क दुर्घटना को भी यह आमंत्रित करते हैं। नेशनल हाईवे पर बारिश में इन निराश्रित पशुओं की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं भी घटित होती हैं। दुर्घटनाओं को रोकने एवं पशुधन की जीवन रक्षा के लिए सभी जगह निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं में पहुंचाया जा रहा है । इससे आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हो सकेगी और पशुधन के जीवन की रक्षा भी हो सकेगी। पशुओं को सुरक्षित गौशालाओं में रखने पर उनकी समुचित देखभाल भी हो सकेगी , सभी पशु मालिकों , किसानों से अपील भी की जा रही है कि वह अपने पशुओं को सड़कों पर विचरण के लिए ना छोड़े । पशुओं को अपने घर पर ही पर्याप्त देखभाल करें । ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवों के द्वारा गोवंश पालकों को घर-घर जाकर समझाएं भी दी जा रही है कि वह अपने गोवंश को बांधकर रखें । उन्हें सड़क पर विचरण करने के लिए ना छोड़े । अतः उन सब को एक आश्रय देने के लिए उन्हें गौशालाओं में रखा जा रहा है। नगर पालिका नर्मदा पुरम द्वारा निराश्रित गोवंश को गौशालाओं में पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। अब तक नगर पालिका द्वारा 244 गायो को गौशाला में पहुंचाया गया है। वही बैल एवं साड को संतकूनडा एवं सीहोर के वनों में छोड़ा जा रहा है।। नर्मदा पुरम में शहर में तीन गौशालाएं संचालित है। सुरभि गौशाला और उसके समीप एक अन्य गौशाला तथा बीटीआई गौशाला, सभी नगर पालिका द्वारा स्थापित है, लेकिन इनका संचालन निजी समितियो द्वारा किया जा रहा है । बताया गया कि अब तक मालाखेड़ी , रसूलिया , ग्वालटोली, इच्छा पूर्ति मंदिर, हरदा बाईपास , कोठी बाजार, सदर बाजार , सेठानी घाट, बांद्राभान रोड से निराश्रित गोवंश को सुरक्षित रूप से गौशालाओं में पहुंचाया गया है। नगर पालिका के पास मात्र एक वाहन है, जिसमें एक बार में 12 से 13 गोवंशों को वह गौशाला में छोड़ रहे हैं। जनपद पंचायत सोहागपुर द्वारा भी निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं में आश्रय देने के लिए अभियान शुरू किया गया है। अब तक ग्राम शोभापुर से 52 गायो को गौशालाओं में रखा गया है। बताया गया कि सुहागपुर में तीन गौशालाएं संचालित हैं। सिवनी मालवा में रोड पर विचरण करती गायों को निमनपुर गौशाला में शिफ्ट किया गया। गायों को खुला ना छोड़ने के लिए ग्राम पंचायतों में अनाउंसमेंट भी किया जा रहा है।

# तवा जलाशय में केज लगाने पर हजारों वंशानुगत मछुआरों पर रोजगार का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी



मप्र महासंघ सहकारी मर्यादित भोपाल के अधीनस्थ तवा जलाशय में चोरी चुपके से अपात्र मछुआरों के नाम से 81 करोड़ रुपये के 150 केज लगाने पर स्थानीय हजारों वंशानुगत मछुआरों पर रोजगार पर संकट के बादल छाने लगे हैं। मांझी मछुआ कल्याण समिति एवं स्थानीय वंशानुगत सहकारी समितियों ने मप्र संचालनालय मत्स्योद्योग भोपाल के प्रमुख अधिकारी से इसकी जांच करने की मांग की। आवेदनकर्ता मोहन रायकवार ने बताया कि एक माह पूर्व मप्र महासंघ भोपाल के दो सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा तवा जलाशय के आसपास ग्रामों में चोरी चुपके से अपात्र मछुआरों जो मछली का कार्य नहीं करते हैं, को आधी अधूरी जानकारी देकर प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनांतर्गत मप्र महासंघ के अधीनस्थ तवा जलाशय में केज निर्माण एवं संचालन के नाम से 52 लाख की परियोजना एवं 34.40 लाख का सरकारी अनुदान के नाम से 150 अपात्र मछुआरा के नाम से केज निर्माण करा रहे हैं। परंतु इस केज निर्माण से तवा जलाशय के हजारों वंशानुगत मछुआरा नाव एवं जाल से मत्स्याखेट नहीं कर पायेंगे, जिस से उसके परिवार पर रोजी रोजगार पर संकट आ जायेगा। तवा जलाशय की सभी वंशानुगत सहकारी समितियों के सदस्यों ने मप्र मत्स्य विभाग के मुख्य अधिकारी को अवगत करके इसकी जांच एवं उचित कार्रवाई करने की मांग की।

## शासकीय कार्यों में हस्तक्षेप कर पटवारी को जान से मारने की धमकी

इटारसी। पटवारी के साथ शासकीय कार्यों में हस्तक्षेप करते हुए मारपीट की गई है। पटवारी ने घटना की शिकायत केसला थाने में की है। दांडीवाड़ा में पदस्थ 35 वर्षीय पटवारी हर्ष गुप्ता के साथ हरिपुरा ग्राम निवासी कालीकिशोर भलावी ने शासकीय कार्यों में हस्तक्षेप करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। बताया जा रहा है कि पटवारी हर्ष गुप्ता विवादित जमीन की नपती करने के लिए हरीपुरा ग्राम पहुंचे थे। जहां जमीन की नपती करते समय आरोपी कालीकिशोर ने शासकीय कार्यों में हस्तक्षेप किया। जिसकी शिकायत पटवारी ने केसला थाने में की है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पुलिस ने लाल मैदान पर जुआ खेलते चार जुआरी पकड़े

इटारसी। शहर के लाल ग्राउंड में जुआ खेलते हुए चार लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों से नकदी एवं ताश के पत्ते बरामद किए गए हैं। शहर में जुआरी एक बार फिर सक्रिय होने लगे हैं। बीती रात सूरजगंज स्थित लाल ग्राउंड में जुआ खेलते हुए चार जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। बताया जा रहा है कि रामलखन पटेल, आशीष चौरे, रामकष्ण बकोरिया और तरूण यादव नामक जुआरी जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपियों को पकड़ लिया। उनके पास से 1 हजार 70 रुपए और ताश के पत्ते बरामद किए गए। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# देनवा नदी से रेत चोरी कर रहे लोगों ने वन विभाग के कर्मियों से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

ग्राम पंचायत मटकुली में देनवा नदी से रेत चोरी एवं पानी चोरी का कार्य लगातार चल रहा है। रेत चोरी का कार्यक्रम स्थानीय नेताओं के द्वारा रात में 1 बजे से लेकर सुबह 4 बजे के बीच बैलगाड़ी में बोरी भरकर रख के किया जाता है जिस रोड पर लाकर एक तरफ स्टाक करके फिर भेजा जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टेशन रोड थाने में वन विभाग में पदस्थ भारत सिंह ठाकुर पिता कुशाल सिंह ठाकुर वन विभाग में वनरक्षक के द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है कि कैलाश कहार राकेश कहार तथा अन्य लोगों के द्वारा शासन के कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए शासन के कर्मचारियों के साथ ड्यूटी पर मारपीट कर की गई है अपराध पंजीबद्ध किया गया है जिसमें बताया गया है कि मटकुली बीट में पदस्थ वनरक्षक भारत सिंह ठाकुर जो की रात में गस्ती कर रहे थे और बीट गार्ड के नाते पर ड्यूटी पर कार्य कर रहे थे इस दौरान श्रमिक पवन गिरी गोस्वामी के साथ गस्ती के दौरान देनवा नदी में पाया गया कि ब्रिज के नीचे मटकुली तरफ से कुछ लोग बैलगाड़ी में करीबन 1 बजे रात को रेत भर रहे थे रेत भरने से मना करने पर राकेश कैलाश एवं अन्य लोगों ने मारपीट की तथा गाली गलौज की सास की कर में बाधा उत्पन्न की लकड़ी के डंडे से सिर में मारपीट की है झगड़े का पवन गिरी एवं राकेश सोनी के द्वारा किया गया है तथा आरोपियों के द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी गई है पुलिस के द्वारा आईपीसी की धारा के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध किया गया है। याद रहे की इसी नदी से कई लोगों के द्वारा पानी की चोरी भी की जा रही है। शासन के द्वारा किसी प्रकार की अनुमति प्रदान नहीं की गई है उसके बाद भी मोटर डालकर पानी की चोरी की जा रही है जिसके कारण नदी का पानी सूखने लगा है।

# नगर कांग्रेस कमेटी ने मंडी परिसर में किया किसान चौपाल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी

कृषि उपज मंडी परिसर में नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी ने एक किसान चौपाल का आयोजन रखा जिसमें किसानों को मूंग खरीदी में आ रही विभिन्न समस्याओं का निराकरण अधिकारियों से चर्चा कर किया। इस दौरान एक किसान की फसल तुलने के बाद व्यापारी द्वारा यह कहा गया की मूंग की क्वालिटी अच्छी नहीं है, इसलिए मूल्य कम होगा, जिसकी उक्त किसान की समस्या मंडी सचिव से बात कर तुरंत हल करवाई गयी एवं पहले से तय मूल्य में उसकी फसल बिकवायी। खरीदी के दौरान सर्वर की समस्या आने पर खरीदी बंद होने पर अधिकारियों से चर्चा कर तुरंत खरीदी चालू कराई। इस चौपाल के दौरान किसानों की अनेकों समस्याओं का हल स्थल पर ही कराया। इस अवसर नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, नीलेश मालोनिया, पार्षद




दिलीप गोस्वामी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस, नगर अध्यक्ष सौम्य दुबे, जिला महासचिव गौरव चौधरी, एनएसयूआई प्रदेश सचिव प्रतीक मालवीय, हिमांशु बाबू अग्रवाल, रामशंकर सोनकर, राहुल दुबे, प्रणीत मिश्रा, चंद्रकांत बहारे, पप्पू आठनेरे, वैभव शर्मा, शम्मी जायसवाल, पंकज राजपूत, प्रणय मिश्रा, विशाल बड़कुर, रोहित राजपूत, गोपाल नामदेव आदि उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत में नालों की हुई साफ सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶आंचलखेड़ा



माखन नगर विकासखंड के ग्राम पंचायत आंचलखेड़ा में बस स्टैंड पर सोमवार को नालें एवं नालियों की साफ सफाई हुई। वही नालों पर हुए अतिक्रमणों को तहसीलदार नीरू जैन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी एससी अग्रवाल ने आकर नालों पर हुए अतिक्रमणों को हटावाया गया एवं बरसाती पानी और गांव का पानी की निकासी कराई गई दरअसल बारिश से पहले क्षेत्र में नाले एवं नालियों की साफ सफाई होना है। जिससे बाढ़ जैसे हालात ना बने जिसको लेकर अधिकारियों की मौजूदगी में साफ़ सफाई हुई वहीं साफ जारी रहेगी। इस दौरान सरपंच आशा बाई घुरेले, सतीश चौधरी, सचिव प्रेमनारायण यादव, सोनू मालवीय पूर्व पंचायत प्रतिनिधि, सहित ग्रामीण जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर में मरीजों का हुआ उपचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

श्री ध्यान योगाचार्य परा विज्ञान विशेषज्ञ एवं मनोचिकित्सक विश्व प्रसिद्ध अभिमन्यु द्वारा रोगियों की निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं दर्शन आशीर्वाद का कार्यक्रम मंगलदीप गार्डन में आयोजित किया गया। जिसमें सोमवार सुबह से लोगों की भीड़ जमा हो गई अभिमन्यु जी ने सुबह 9:30 बजे से 11 बजे तक गार्डन में आए हुए रोगियों का उपचार किया।

फल वितरित किए निशुल्क चिकित्सा के लिए 2000 से ज्यादा लोग शिविर में पहुंचे नगर के नागरिकों समाजसेवी संगठन के सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया। शिविर में सभी प्रकार के वृद्ध युवा ने पहुंचकर उपचार लाभ लिया। शिविर में असाध्य रोगों का बिना दवा के उपचार किया गया।

# सीएम राइज स्कूल में हुई प्रवेश समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶माखननगर

सीएम राइस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एपीसी विनोद तिवारी की उपस्थिति में मंगलवार को विद्यालय प्रवेश समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सीएम राइस विद्यालय में प्रवेश से वंचित छात्रों हेतु प्रवेश समिति से चर्चा कर निर्देश दिए गए। जिन ग्रामों में हाई स्कूल/ हायर सेकेंडरी स्कूल है वहां छात्रों को ग्राम के विद्यालय में ही प्रवेश दिया जाए। कक्षा 9 से 11 में निर्धारित सीटों पर लॉटरी प्रक्रिया द्वारा प्रवेश पूर्ण हो चुका है1 प्रतीक्षा सूची में शेष छात्रों को स्थानीय शासकीय कन्या उमावि में प्रवेश लेने हेतु पालकों व छात्राओं को समझाइए दी जाए। स्थानीय एवं कैचमेंट के छात्रों को कक्षा 9वी में प्रवेश हेतु अतिरिक्त कक्ष की व्यवस्था कर प्रवेश दिया जाए 1विकासखंड शिक्षा अधिकारी का कार्यालय पुराने नगर परिषद भवन में स्थानांतरित किया जाए इस हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुषमा पिपरे से चर्चा की गई 1कक्षा 9वी में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण उपरांत प्रतीक्षा सूची के शेष 20 छात्रों में से कक्षा आठवीं में उत्तीर्ण की स्थिति में नजदीकी मॉडल स्कूल में रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाए इस संबंध में मॉडल स्कूल प्राचार्य प्रीति झा को निर्देश दिया। बैठक में एपीसी विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुषमा पीपरे विद्यालय के प्राचार्य के के दुबे एवं समिति के सदस्य मौजूद रहे। बैठक के पश्चात तिवारी ने निर्माणाधीन सीएम राइस स्कूल का निरीक्षण किया एवं कंपनी के इंजीनियर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## फांसी लगाकर बुजुर्ग महिला ने की आत्महत्या

इटारसी। हिरन चापड़ा निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। केसला पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। केसला थाना क्षेत्र स्थित हिरनचापड़ा निवासी 75 वर्षीय चिरोंजिया बाई ने बीती रात अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि परिजन भी घर में सो रहे थे, लेकिन उन्होंने सुबह देखा तो वह फंदे पर लटकी हुई मिली। जिसकी सूचना मिलते ही केसला पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। महिला ने आत्महत्या क्यों किया इसका खुलासा नहीं हो सका है। हालांकि बताया जा रहा है कि वह काफी समय से बीमार चल रही थी। इसलिए आशंका जताई जा रही है कि बीमारी से तंग आकर उसने आत्महत्या की होगी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जाच शुरू कर दी है।

# भाजपा ने मनाई आपातकाल की बरसी, मीसाबंदियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया




भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कार्यालय में 50 वर्ष पूर्व सन 1975 की यादों में आपातकाल एक अनुशासन का शर्मनाक यातना पर्व था जिसे मनाया गया इसमें पिपरिया विधानसभा से मीशाबंदी अनंत राम साहू वीरेंद्र दुबे को को शाल श्रीफल से नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल जनपद उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल जनपद अध्यक्ष महिला मोर्चा की जिला मंत्री ममता नागवंशी एवं महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सहित तमाम महिला मोर्चा एवं भारतीय जनता पार्टी के ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी लखन रघुवंशी एवं भारतीय जनता पार्टी के तमाम संगठन के पदाधिकारी के द्वारा सम्मानित किया गया तथा आपातकाल के दौरान जो लोग जेल गए थे उन लोगों के परिवार जनों को भी सम्मानित किया गया जन्म मुख्य रूप से स्वर्गीय श्रीपाद जोशी की पुत्रवधू अरुण जोशी पार्षद को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर रवींद्र शुक्ला ने कहा कि 25 जून 1975 इस दिन देश में आपातकाल घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि उसे दौरान रात को रात आपातकाल लागू होने पर मीडिया पर भी शिकंजा कसा गया था। अखबारों पर भी प्रतिबंध लगाया गया। आपातकाल के पहले इंदिरा जी के खिलाफ अभियान मध्य प्रदेश में जेपी आंदोलन का सबसे ज्यादा असर हुआ था।

### शाला परिवार को दी नए शिक्षण कौशल की जानकारी

# सीएम राइज स्कूल में हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶पचमढ़ी

शासकीय सीएम राइज विद्यालय पचमढ़ी में पीपल्स ग्रुप के जाफर द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने समस्त स्टाफ को शिक्षण के नये नये कौशलों के बारे में बताया जिसमें नेम टैग, कोल्ड कॉलिंग, प्रिंट रिच, थिंक पेयर शेयर, अचीवमेंट मूवमेंट, मॉर्निंग मीटिंग आदि के बारे में समस्त स्टाफ को बहुत ही अच्छी जानकारी दी। कुछ मनोरंजक और ज्ञानवर्धक खेल भी खिलाएं गए जिससे सभी शिक्षकों में एवं शिक्षिकाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ। इस सत्र के पश्चात शासकीय महाविद्यालय पचमढ़ी की प्रोफेसर डॉक्टर शाफिया मैडम द्वारा 11 बजे से पर्सनैलिटी डेवलपमेंट की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने बड़ी ही सहजता से जीवन को सरल और सहज रूप से जीने के लिए व्यक्तित्व कौशल के बारे में बहुत ही अच्छी जानकारी दी कि हम विषम परिस्थितियों में स्वयं को सहज और सकारात्मक रखते हुए कैसे परिस्थितियों से सामना कर सकते हैं और



सफलता प्राप्त कर सकते हैं। अपने व्यक्तित्व कौशल को कैसे बढ़ा सकते हैं या अपनी कमियों को कैसे दूर कर सकते हैं। इन सब गुणों को अपने अंदर समाहित करने के लिए धैर्य सरलता सकारात्मक का हम सभी में कैसे विकास हो यह सब हमें शाफिया मैडम की पर्सनैलिटी डेवलपमेंट कार्यशाला में और विस्तृत रूप से जानकारी मिली। कार्यशाला में विद्यालय के सत्र 23- 24 की बोर्ड परीक्षा की दसवीं और बारहवीं में शत प्रतिशत परिणाम देने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर जाफर, शाफिया द्वारा सम्मानित किया गया। अंत में पल्लवी साहू द्वारा शाफिया और जाफर का इस कार्यशाला के आयोजन के लिए बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया गया।

# स्पीड अवरोधकों पर मार्किंग का कार्य शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶पचमढ़ी

खबर का असर

पचमढ़ी पहुंच मार्ग पर नवनिर्मित स्पीड ब्रेकरों से हो रही दुर्घटना पर्यटकों और नागरिकों के लिए चिंतनीय रही है। नवनीत स्पीड ब्रेकरों से दुर्घटना में एक का एक वृद्धि देखने को मिली जिस पर संपूर्ण खबर को हरिभूमि द्वारा खबर को जनहित में प्रकाशित किया था। जिसका असर नजर आ रहा है। संबंधित मामले पर जिला कलेक्टर सोनिया मीना नवीन सकारात्मक प्रतिक्रिया दिखाई थी जिसके बाद आनंद फाइनल में एमपी आरडीसी द्वारा नवनिर्मित स्पीड ब्रेकरों पर मार्किंग का कार्य शुरू किया गया है। मार्किंग का कार्य शुरू देखकर सफर करने वाली जनता में काफी सुकून भाव देखने को मिल रहा है।

# जिला सहकारी बैंक के लंबित प्रकरणों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, होशंगाबाद में सहकारी बैंक के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने पुलिस विवेचना एवं राशि की वसूली हेतु लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में एसडीओपी पराग सैनी, उपायुक्त सहकारिता शिवम मिश्रा एवं बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय प्रकाश सिंह उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर के द्वारा बैंक स्तर एवं समिति स्तर की प्रकरणवार समीक्षा की गई। बैठक में राशि वसूली के धारा 64 के प्रकरणों में न्यायालय संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थायें, नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम के समक्ष गतिशील प्रकरणों में शीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त प्रकरणों में राशि की वसूली हेतु बैंक के नियुक्त बिकी अधिकारियों को राशि वसूल करने के सख्त निर्देश दिये गये, साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि सभी तहसीलदार को 1 प्रकरण चिहिन्त कर वसूली हेतु सौपा जावे। समिति स्तर के 2 प्रकरणों में पूर्ण राशि वसूल हो जाने से इन दोनों प्रकरणों को सूची से विलोपित किये जाने के भी निर्देश दिये गये । बैंक में बैंक के महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई। जिसमें बैंक के महत्वपूण विषयों पर निर्णय लिये गये। कलेक्टर के द्वारा खरीफ, 2024 के अंतर्गत किसानों को खाद की उपलब्धता आसानी से हो सके, इस हेतु जिला विपणन अधिकारी, उप आयुक्त सहकारिता एवं बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी निर्देश दिये गये, साथ ही बैंक की ऋण वसूली की समीक्ष भी की गई। बैठक में कलेक्टर ने बैंक के फील्ड स्टाफ को निर्देश दिये कि शासन द्वारा बैंक को 80 प्रतिशत ऋण वसूली के लक्ष्य दिये गये हैं।

## खबर संक्षेप

### मेंटेनेंस : आज 3 घंटे बंद रहेगी बिजली

**हरदा।** जिले में मेंटेनेंस का काम लगातार बिजली कंपनी कर रही है। बुधवार को एक बार फिर बिजली कंपनी मेंटेनेंस का काम करने वाली है। इसके चलते जिला मुख्यालय के कई क्षेत्रों में 3 घंटे बिजली कटौती की जाएगी। कंपनी के जेई राकेश सिलोरिया ने बताया 26 जून को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक 33/11 केवी हरदा शहर उपकेंद्र से निकलने 11 केवी इंदौर रोड, गुप्तेश्वर मंदिर फीडर पर मेंटेनेंस का जरूरी काम होने के कारण बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इस वजह से प्रताप कालोनी, अभिषेक ग्रीन बेली, राजधानी कॉलोनी, मानपुरा, घंटा घर, खेड़ीपुरा, बाहेती कालोनी, फाइल वार्ड व उसके आसपास के इलाकों की बिजली बंद रहेगी।

### वाहन की टक्कर से 10 भेड़ों की मौत

**हरदा।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम छोटी हरदा के पास सोमवार रात 9 बजे के इंदौर बैतूल नेशनल हाईवे में 10 भेड़ों की मौत हो गई। रात के समय भेड़ों का झुंड हाईवे से गुजर रहा था। यहां से गुजर रहे तेज रफ्तार वाहन ने भेड़ों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद अनियंत्रित गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। राहगीरों का कहना है कि टक्कर मारने वाली गाड़ी उड़ीसा पासिंग थी।

### 28 जून को जनपद पंचायत में आयोजित होगाा रोजगार मेला

**खंडवा।** जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलौटे ने बताया कि 28 जून को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह मेला जनपद पंचायत के सभागृह में 11 से सायं 4 बजे तक आयोजित होगा। मेले में विभिन्न कम्पनियों के द्वारा 300 बेरोजगार युवक, युवतियों की निजि क्षेत्र मे भर्ती की जायेगी। शैक्षणिक योग्यता 5 वी, 8वी, 10 वी, 12वी, आईटीआई, डिप्लोमा (सभी ट्रेड), स्नातक एवं स्नातकोत्तर होना आवश्यक है। आवेदक की आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष तक है। उन्होंने बताया कि अन्य सुविधा कम्पनियों के नियमानुसार रहेगी। इच्छुक आवेदक अपने समस्त मूल दस्तावेज की फोटोकॉपी, 4 पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन कार्ड के साथ उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ प्राप्त कर सकते है। इसके लिए यात्रा व्यय देय नहीं होगा।

### विखं स्तर पर आयोजित होंगे रोजगार मेले

**खंडवा।** जिला परियोजना प्रबंधक मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन आनंद स्वरूप शर्मा ने बताया कि विखं स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छैगांवमाखन विखं में 27 जून को जनपद पंचायत सभागृह छैगांवमाखन में आयोजित होगा। इसके अलावा खंडवा विखं में 4 जुलाई को जनपद पंचायत सभागृह खंडवा में तथा पुनासा विखं में 5 जुलाई को जनपद पंचायत सभागृह पुनासा में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि यह मेले 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होंगे। मेले में डेकन टैक्नों सिक्योरिटी यूटीलिटी सर्विस प्रायवेट लिमिटेड इंदौर, टेक्नो इंडिया प्राईवेट लिमिटेड इंदौर, शिवशक्ति बायोएग्रीटेक प्रायवेट लिमिटेड इंदौर, प्रतिभा सिन्टेक्स पीथमपुर, न्यू झील फैशन वियर कम्पनी तहसील बदनावर जिला धार एवं एसीबीआई लाईफ इन्श्योरेन्स खण्डवा की कम्पनियां भाग लेगी। इच्छुक व्यक्ति अधिक जानकारी के लिए मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन खंडवा में कार्यालय समय में संपर्क कर सकते हैं।

### ताप्ती नदी में डूबने से 3 वर्षीय बालिका की मौत

**बुरहानपुर।** जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के तहत आने वाले मानस गांव में सोमवार को बच्चों के साथ खेलते समय ताप्ती नदी में डूबने से तीन वर्षीय बालिका की मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से बालिका के शव को नदी से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही शाहपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल रवाना किया। पुलिस के अनुसार बालिका गीत पिता लक्ष्मण गांव के बच्चों के साथ नदी के पास ही खेल रही थी। इस दौरान गहरे पानी में डूबने से मौत हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया। मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

### कलेक्टर ने आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

# अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज अपराधों में पीड़ितों को राहत दिलाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज अपराधों में पीड़ितों को शासन के प्रावधानों के अनुसार राहत राशि दिलाई जाए और जघन्य व सनसनीखेज अपराधों के दोषियों को सख्त सजा दिलाई जाए। जिला अभियोजन अधिकारी इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, वनमण्डल अधिकारी अनिल चौपड़ा, अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि अनुसूचित जाति के 20 प्रकरणों में 27.27 लाख रूपये की राहत राशि पीड़ितों को वितरित की जाना है जबकि अनुसूचित जनजाति के 5 प्रकरणों में 6.25 लाख रूपये की राहत राशि दी जाना है। कलेक्टर ने इन कुल 25 मामलों में 33.52 लाख रूपये की राहत राशि भुगतान के लिये आवश्यक कार्यवाही के लिए जिला संयोजक को निर्देश दिये।

#### वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करें

कलेक्टर ने खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने तथा बिना नम्बर के वाहनों के स्वामियों के विरूद्ध कार्यवाही के लिये विशेष अभियान प्रारम्भ करने के निर्देश यातायात प्रभारी और जिला परिवहन अधिकारी को दिये। उन्होने वन क्षेत्र में अवैध उत्खनन रोकने के लिये वनमण्डल अधिकारी और खनिज अधिकारी को कार्यवाही के लिये कहा। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि चिटफण्ड व माइक्रो फाइनेंस कम्पनियों के व्यापार को रोकने के लिये विशेष अभियान प्रारम्भ किया जाए और नागरिकों को इन कम्पनियों से बचाव के लिये समझाईश देकर प्रेरित किया जाए। उन्होने कहा कि चिटफण्ड व माइक्रो फाइनेंस कम्पनियों के शोषण के शिकार लोग सामने आएं और निकटतम पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं ताकि कार्यवाही की जा सके।

#### कालाबाजारी रोकना शुरू करें

कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिये कि घरेलू गैस सिलेण्डर के व्यावसायिक उपयोग और वस्तुओं की काला बाजारी रोकने के लिये विशेष अभियान प्रारम्भ करें। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि पिछले दिनों घरेलू गैस सिलेण्डर के व्यावसायिक उपयोग के कुल 7 प्रकरण दर्ज कर 44 गैस सिलेण्डर जप्त किये गये है, जिन पर 1.12 लाख रूपये का अर्थदण्ड लगाने की कार्यवाही की गई। उन्होने बैठक में निर्देश दिये कि सभी एसडीएम और एसडीओपी गैस सिलेण्डर के गोदामों का निरीक्षण करें। मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण करें, तम्बाकू उत्पादों की बिक्री स्कूलों के आसपास न हो कलेक्टर ने बैठक में औषधि निरीक्षक को निर्देश दिये कि मेडिकल स्टोर्स का नियमित निरीक्षण करें व दवाओं के नमूने लेकर जांच करें। औषधि निरीक्षक ने बताया कि गत दिनों जिले में कुल 17 मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया, 10 दवाओं के नमूने लिये गये तथा 2 मेडिकल स्टोर्स के लायसेंस निलंबित करने की कार्यवाही की गई। उन्होने स्कूलों के आसपास तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने के लिये निर्देश दिये कि और कहा कि स्कूल की 300 फिट परिधि में तम्बाकू उत्पाद किसी भी दुकान पर न बेचे जाए, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि नशा मुक्ति अभियान के प्रचार-प्रसार और तम्बाकू उत्पादों को त्यागने के लिये जागरूकता अभियान प्रारम्भ किया जाए।

#### स्पॉट चिन्हित करें

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि सड़क दुर्घटनाएं जिन स्थानों पर अधिक होती है, ऐसे स्थानों को ब्लेक स्पॉट के रूप में चिन्हित करें और वहां आवश्यक सुधार की कार्यवाही करें ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। उन्होने ऐसे स्थानों पर साईड शोल्डर की चौड़ाई बढ़ाने और मजबूतीकरण के लिये कहा। अधिक दुर्घटना वाले स्थानों पर स्पीड ब्रेकर और रिफ्लेक्टर लगाने के लिये भी कलेक्टर ने निर्देश दिये।

---

### न्यायालय में पेश किया

# गैंगवार के आरोपी शेख अकरम को पुलिस ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा के गुलशन नगर कॉलोनी में 16 फरवरी 2024 को हुए गैंगवार के मुख्य आरोपी शेख अकरम उर्फ जुम्मन को थाना मोघट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस गैंगवार में दोनों गुटों ने पाइपों से हमला किया था, जिसमें हिस्ट्रीशीटर सैय्यद नासिर और दूसरे गुट का सलीम उर्फ लंगड़ा घायल हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक मनोज राय को सूचित किया गया और उनके निर्देशानुसार त्वरित कार्यवाही प्रारंभ की गई। नगर पुलिस अधीक्षक अरविन्द सिंह तोमर के मार्गदर्शन में मोघट थाना प्रभारी संजय पाठक की टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए विशेष टीम तैयार की । साथ ही मुखबिरों को कार्य में लगा दिया। सूचना पर कार्यवाही करते हुए प्रधान आरक्षक राफिक, आरक्षक राहुल परमार और आरक्षक अनुराग ने शेख अकरम को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शेख अकरम उर्फ जुम्मन बताया, जो शेख शब्बीर का पुत्र और गुलशन नगर खंडवा का निवासी है। आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 87/24 के तहत धारा 307, 147, 148, 149, 120बी आईपीसी का मामला दर्ज किया गया है। मोघट थाना पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया और उसे न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस द्वारा अन्य आरोपियों को भी जल्द पकड़ा जाएगा। इस गिरफ्तारी में थाना मोघट प्रभारी संजय पाठक, प्रधान, रफिक, राहुल परमार और आरक्षक अनुराग की सराहनीय भूमिका रही है।

---

# ब्राड बेड पद्धती द्वारा बोया सोयाबीन का बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव



ग्राम पंचायत डोलरिया के कृषक वेनी प्रसाद राजपूत के खेत में कृषि विभाग से मिले राष्ट्रीय खद्या सुरक्षा मिशन तिलहन के अंतर्गत सोयाबीन बीज की बुबाई की है। यह बीज ब्राड बेड पद्धती द्वारा बोया गया। कृषक ने बताया कि उक्त पद्धती से बीज बुवाई करने पर बीज की और उर्वरक की 40-50 प्रतिशत मात्रा बचाई जा सकती है। एवं उत्पादन में भी सामान्य बुबाई के विपरत 40 प्रतिशत अधिक उपज प्राप्त होती है।

कृषक डॉ शिवनारायण चाचरे द्वारा बताया गया की इस पद्धती से बुबाई करने से अधिक या कम बारिश की परिस्थिती में फसल पर विपरित प्रभाव नहीं पड़ता है। एवं पौधो को पानी कैपेलरी सिस्टम के द्वारा पौधो को प्राप्त होता है। जिससे उर्वरक की उपयोग क्षमता बढ़ जाती है। साथ ही साथ पौधों में हवा पानी का संचार आसानी से होता है। पौधो में रोग का प्रकोप कम होता है। पौधो की वृद्धी एक जैसी होती है। फसल अपना जीवन चक पूर्ण करती है जिससे उपज पर विपरित प्रभाव नहीं पडता है। इस हेतु दो प्रकार से खेत में बोनी की जा सकती है। पहली पद्धती में खेत में बोनी से पूर्व बेड तैयार करके बोनी की जा सकती है। दूसरी पद्धती में सीड्रील में अटैचमेंट लगा कर कल्टीवेटर के बाद सीधे बोनी की जा सकती है। बोनी के साथ ही नाली और बेड बनती जाती है। प्रति बेड पर चार-चार लाईन की बोनी की जाती है।

---

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं, तत्काल दिए हल करने के निर्देश



**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत के सभाकक्ष में नागरिकों की समस्याएं सुनी तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

इस दौरान अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम कालपी निवासी अशोक पाराशर ने कलेक्टर सिंह को आवेदन देकर बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा कालपी में 4 वर्ष पूर्व नाली निर्माण कराया गया था, परन्तु नाली के पानी की उचित निकासी नहीं होने के कारण पानी उसके खलिहान में भरा रहता है, जिस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत टिमरनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम अबगांवखुर्द निवासी रामभरोस ने कलेक्टर को हाइवे रोड़ किनारे छोड़ी हुई अधूरी नाली को पूर्ण कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने जपं हरदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में हरदा निवासी विजय कुमार अग्रवाल ने कलेक्टर को बताया कि उनके ग्राम हीरापुर में खेत के गेट के सामने पुलिया के पाइप को निर्माण एजेन्सी द्वारा बंद कर दिया गये है, जिससे बरसात का पानी उनके खेत में जाएगा इसलिये अस्थाई नाली बनाकर पानी को आगे बढ़ाया जाए। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार हंडिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। हरदा निवासी सुमेर सिंह राजपूत ने जनसुनवाई में कलेक्टर को नाली की सफाई करवाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को नाली की सफाई कराने के निर्देश दिये। ग्राम फुलड़ी निवासी विनोद गौर ने जनसुनवाई में कलेक्टर को अपनी भूमि का सीमांकन कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम टिमरनी को समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम मनियाखेड़ी निवासी मुकेश ने कलेक्टर को खुली पड़ी खदानों पर तार फेंसिंग कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार टिमरनी को समस्या के निराकरण कराने के निर्देश दिये।

---

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जनजागरूकता के लिए आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रम




**खंडवा।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जन जागरूकता सप्ताह 24 से 28 जून तक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय सह नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सिविल सर्जन डॉ. विजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्मी डूडवे एवं डॉ. निशा पवार द्वारा बताया कि 28 जून तक बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, जन जागरूकता सप्ताह का आयोजन करने का उद्देश्य समाज में फैली असमानता जैसे बेटा एवं बेटी के अंतर को खत्म करना है, साथ ही कन्या भ्रुण हत्या ना हो। अक्सर देखने में आता है कि खुद महिला ही आगे आकर लड़का या लड़की जांच करने के लिए कहती है एवं कई घरों में जैसे सांस बोलती है कि पेट में लड़का है या लड़की इसकी जांच करो, इसे हमें रोकना होगा। सबसे पहले अपने घर से ही शुरू करेंगे, तभी हम बालिका भ्रुण हत्या को रोक पाएंगे और हमारे समाज में यदि किसी के मन में यह भावना आती भी है तो उसे हमें रोकना है और इसकी सूचना भी देना है, ताकि हम लड़कियों को बचा पाएंगे तभी हमारा समाज और हमारा देश आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में बताया कि हमें किसी भी हाल में बेटियों को बचाना है और बेटियों को पढ़ाना है। इसके अलावा शासन द्वारा भी कई जनकल्याणकारी योजना जैसे लाड़ली लक्ष्मी योजना व अन्य कई योजनाओं के माध्यम से बालिकाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

---

बच्चों को पिलाई गई विटामिन-ए की दवाई

# दस्तक अभियान का शुभारंभ स्वास्थ्य दल दे रहे घर-घर दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



दस्तक अभियान का शुभारंभ मंगलवार को गणेशगंज संजीवनी क्लिनिक में बच्चों को विटामिन-ए की दवाई पिलाकर किया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार व रैफर सुनिश्चित किया जायेगा। यह अभियान 27 अगस्त तक आयोजित होगा। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास के संयुक्त दल एन.एन.एम., आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा 5 वर्ष से छोटे बच्चों वाले परिवारों में घर-घर स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं की दस्तक दी जाकर बच्चों में पाई जाने वाली बीमाारियों की सक्रिय पहचान एवं उचित प्रबंधन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्रामीण क्षेत्र में भी दस्तक अभियान का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया गया। इस दौरान रिजनल मॉनिटर सीसेम एम्स भोपाल अमित शर्मा, डीपीएम शैलेन्द्र सोलंकी, एपीएम पुष्पलता पवार, मलेरिया अधिकारी करण सिंह भूरिया व अन्य शहरी नागरिक उपस्थित थे।

---

### आमजन की शिकायतों पर अधिकारियों की उदासीनता पर जताई नाराजगी

# जनसुनवाई में ननि नेता प्रतिपक्ष राठौर का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

मंगलवार को आयोजित हुई जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष मुल्लू राठौर ने हंगामा खड़ा कर दिया। उनका कहना था कि जनसुनवाई में आमजन की कोई सुनवाई नहीं होती है और अधिकारी मात्र खानापूर्ति कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि महीनों और सालों से जनता की शिकायतों का निराकरण नहीं हो रहा है, जिससे लोग ठगा महसूस कर रहे हैं।



मुल्लू राठौर के साथ कई पीड़ित भी जनसुनवाई में उपस्थित थे, जिन्होंने अपनी वर्षों पुरानी शिकायतों का निराकरण नहीं होने की बात कही। इन शिकायतों में शहर और ग्रामीणों की आउट सोर्स कर्मचारियों का वेतन,किसानों के खेत पानी भरना,खाद्य नहीं मिलना ,कुटीर नहीं मिलना आदि से संबंधित मुद्दे प्रमुख थे। पीड़ितों का कहना था कि उन्होंने कई बार शिकायतें दर्ज करवाई हैं, लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर देते हैं। मुल्लू राठौर ने कहा, ₹यह जनसुनवाई केवल एक दिखावा है। अधिकारी यहां केवल औपचारिकता निभाने आते हैं, जबकि आमजन की समस्याओं का कोई समाधान नहीं होता। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोगों को उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है और उनकी समस्याओं को हल करने की बजाय उन्हें टाल दिया जा रहा है। जनसुनवाई में हुए हंगामे के बाद स्थिति को संभालने के लिए अंततः अपर कलेक्टर बडोले को हस्तक्षेप करना पड़ा। अपर कलेक्टर बडोले ने मुल्लू राठौर और अन्य पीड़ितों को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा, ₹हम हर आम आदमी की शिकायत को गंभीरता से लेते हैं और उनका जल्द निराकरण करने का प्रयास करेंगे। इस संबंध में संबंधित विभागों को सख्त निर्देश जारी किए जाएंगे। मुल्लू राठौर के इस कदम से आमजन ने उम्मीद जताई है कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान होगा। राठौर ने कहा कि वह आम जनता की समस्याओं को हल कराने के लिए हमेशा तैयार हैं और यदि जरूरत पड़ी तो वह फिर से इस प्रकार का कदम उठाएंगे। अंततः मूल्लू राठौर ने हरिभूमि को बताया की जनता की अनदेखी अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उन्हें उनकी समस्याओं का समाधान समय पर देना होगा।

---

# अधिवक्ता कक्ष का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को तहसील कार्यालय परिसर में निर्मित अधिवक्ता कक्ष का विधिवत पूजा अर्चन कर व फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा गोपेश गर्ग, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय शांडिल्य के अलावा तहसीलदार लवीना घाघरे, नायब तहसीलदार विजय कुमार साहू सहित अधिवक्तागण एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि तहसील कार्यालय के इस अधिवक्ता कक्ष में और अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये आगे भी हर संभव मदद की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि कलेक्ट्रेट में भी अधिवक्ताओं के लिये एक कक्ष की व्यवस्था की जाएगी ताकि उन्हें कलेक्ट्रेट में परेशानी न हो। कार्यक्रम का संचालन जिला अधिवक्ता संघ के सचिव सुदीप मिश्रा ने किया। आभार प्रदर्शन अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष चंदन सिंह राजपूत ने किया।